1. भारत में संगीत की दो महत्वपूर्ण शैलियाँ कौन सी हैं?

**हिन्दुस्तानी तथा कर्नाटक**

2. किस वेद की ऋचाएँ संगीत से सम्बन्धित है? **सामवेद**

3. प्रसिद्ध गायक तानसेन और बैजू बावरा के गुरु कौन थे? **स्वामी हरिदास**

4. मियां की मल्हार, दरबार कान्हड़ा और मियां की तोड़ी राग का निर्माण किसने किया? **तानसेन**

5. भरत नाट्यम नृत्य शैली का स्त्रोत क्या है? **भरत मुनि का नाट्य शास्त्र**

6. दक्षिण भारत के मंदिरों में देवदासियों द्वारा कौन–सा नृत्य प्रस्तुत किया जाता था?

**भरतनाट्यम**

7. रुक्मिणी देवी, लीला सेमसन, मृणालिनी सारा भाई, शकुंतला पाणिग्रही, सोनल मान सिंह, वैजयन्ती माला किस नृत्य शैली की नर्तकी हैं? **भरतनाट्यम**

8. कौन सी नृत्य शैली राज दरबारों में विकसित हुई? **कत्थक**

9. वाजिद अली शाह ने किस नृत्य शैली को सर्वाधिक पोषण दिया? **कत्थक**

10. बिन्दादीन महाराज, कालकादीन, अच्छन महाराज, गोपीकृष्ण और बिरजू महाराज किस नृत्य विद्या के कलाकार हैं? **कत्थक**

11. कथकली किस प्रदेश का मुख्य नृत्य है? **केरल**

12. प्रसिद्ध कवि वल्लतोल को किस नृत्य शैली का प्रेरणा स्त्रोत कहा जाता है?

**कथकली**

13. कुचिपुड़ि किस प्रदेश का मुख्य नृत्य है? **आन्ध्र प्रदेश**

14. तीर्थ नारायण और सिद्ध योगी ने किस नृत्य शैली का विकास किया? **कुचिपुड़ि**

15. वेदान्त सत्यनारायणन, राजा रेड्डी तथा राधा रेड्डी किस नृत्य विधा से जुड़े हैं? **कुचिपुड़ि**

16. मणिपुर का प्रमुख नृत्य कौन सा है? **मणिपुरी**

17. ओडिसी किस प्रदेश का मुख्य नृत्य है? **उड़ीसा**

18. केलूचरन महापात्र, संयुक्ता पाणिग्रही और इन्द्राणी रहमान किस नृत्य शैली से जुड़े हैं? **ओडिसी**

19. जात्रा किस प्रदेश का रंगमंच है? **बंगाल**

20. तमाशा किस प्रदेश में खेला जाता है? **महाराष्ट्र**

21. भवई किस प्रदेश की कला है? **गुजरात**

22. नौटंकी किस प्रदेश की कला है? **उत्तर प्रदेश**

23. माच किस प्रदेश की कला है? **मध्य प्रदेश**

24. ख्याल किस प्रदेश की कला है? **राजस्थान**

25. नकल किस प्रदेश की कला है? **पंजाब**

26. भांड पाथर किस प्रदेश की कला है? **कश्मीर**

27. यक्ष गान किस प्रदेश की कला है? **कर्नाटक**

28. अंकिया नाट किस प्रदेश की कला है? **असम**

29. कूडिया दृव्य किस प्रदेश की कला है? **केरल**

30. रास लीला व राम लीला किस प्रदेश की कला है? **उत्तर प्रदेश**

31. खामोश–अदालत जारी है, घासी राम कोतवाल, गिद्ध, सखाराम बाइंडर किस भाषा के नाटक हैं और इनका मंचन किसने किया? **मराठी, विजय तेंदुलकर**

32. विजया मेहता, अरविंद देशपांडे, श्री राम लागू, अमोल पालेकर किस भाषा के रंगकर्मी हैं? **मराठी**

33. ययाति, तुगलक, हयवदन, नाम मंडल किस भाषा की नाट्य कृतियाँ हैं? **कन्नड़**

34. के. शिवराम कारंत, गिरीश कर्नाड, लंकेश किस भाषा के रंगकर्मी हैं? **कन्नड़**

35. काठ का घोड़ा, सूर्यास्त, असंगत नाटक किस भाषा की नाट्य कृतियां हैं? **उड़िया**

36. रमाशंकर राय, मनोरंजन दास, जगन्नाथ दास, बसंत कुमार महापात्र किस भाषा के रंगकर्मी हैं? **उड़िया**

37. इम्फाल–इम्फाल, चक्रव्यूह, कर्ण भारत किस प्रदेश के रंग मंच से जुड़े हैं? **मणिपुरी**

38. भरत नाट्यम किस प्रदेश का नृत्य है? **तमिलनाडु**

39. मोहिनी अट्टम किस प्रदेश का नृत्य है? **केरल**

40. चकियार कूंदू किस प्रदेश का नृत्य है? **केरल**

41. ओट्म थुलाल किस प्रदेश का नृत्य है? **केरल**

42. भांगड़ा किस प्रदेश का नृत्य है? **पंजाब**

43. बिदेशिया किस प्रदेश का नृत्य है? **बिहार**

44. बीहू किस प्रदेश का नृत्य है? **असम**

45. छाऊ किस प्रदेश का नृत्य है? **उड़ीसा**

46. चिराव (Chiraw) किस प्रदेश का नृत्य है? **मिजोरम**

47. डांडिया रास किस प्रदेश का नृत्य है? **गुजरात**

48. गण गौर किस प्रदेश का नृत्य है? **राजस्थान**

49. गरबा किस प्रदेश का नृत्य है? **गुजरात**

50. गिद्धा किस प्रदेश का नृत्य है? **पंजाब**

51. झूलन लीला किस प्रदेश का नृत्य है? **राजस्थान**

52. महारास किस प्रदेश का नृत्य है? **मणिपुर**

53. पंडवानी किस प्रदेश का लोकनाट्य/नृत्य है? **छत्तीसगढ़**

54. स्वांग किस प्रदेश का नृत्य है? **हरियाणा**

55. बाला सरस्वती, कृष्णन कुट्टी, उदय शंकर किस नृत्य शैली के नर्तक हैं? **कथकली**

56. अहमद जान थिरकवा, अल्ला रक्खा खां, किशन महाराज तथा जाकिर हुसैन किस वाद्य से जुड़े हैं? **तबला**

57. अली अकबर खां, अलाउद्दीन खां, अमजद अली खां, बहादुर खां, शरनरानी और बुद्धदेव किस वाद्य यंत्र से जुड़े हैं? **सरोद**

58. अन्नपूर्णा देवी किस वाद्य यंत्र से जुड़ी हैं? **सुरबहार**

59. विस्मिल्लाह खां, कौन सा वाद्य बजाते थे? **शहनाई**

60. बुद्धादित्य मुखर्जी, विलायत खां, निखिल बनर्जी, रईस खाँ, रविशंकर किस वाद्य यंत्र के कलाकार हैं? **सितार**

61. गजानन राव जोशी, वी.जी. जोग, जुबीन मेहता किस वाद्य यंत्र के कलाकार हैं? **वायलिन**

62. हरिप्रसाद चौरसिया, किस वाद्य के कलाकार हैं? **बांसुरी**

63. एस. बालाचन्दर किस वाद्य यंत्र के कलाकार हैं? **वीणा**

64. शिवकुमार शर्मा व तरुण भट्टाचार्य किस वाद्य यंत्र के कलाकार हैं? **संतूर**

65. विश्व मोहन भट्ट किस वाद्य यंत्र के कलाकार हैं? **गिटार**

66. ए.के. हालदार, अमृता शेरगिल, बिमल गुप्ता, गगनेन्द्र नाथ टैगोर, जैमिनी राय, नन्द लाल बोस, राम कुमार, रवि वर्मा, सतीश गुजराल कला की किस विधा से संबंधित हैं? **चित्रकला**

67. केशव शंकर पिल्ले, आर.के. लक्ष्मण, सुधीर धर, सुधीर तैलंग कला की किस विधा से सम्बन्धित हैं? **कार्टून**

68. गिरिजा देवी, कुमार गंधर्व, विनायक राव पटवर्धन, विष्णु दिगम्बर पलुस्कर, विष्णु नारायण भातखण्डे कला की किस विधा से सम्बन्धित हैं? **गायन, हिन्दुस्तानी शैली**

69. बाला मुरली कृष्णा, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, एस.राजन कला के किस क्षेत्र से सम्बंधित हैं? **गायन, कर्नाटक शैली**

70. बेगम अख्तर कला की किस विधा की कलाकार थीं? **गजल गायकी**

71. 1925 में पहली बार एक मणिपुरी नाटक, 'नरसिंह' मंच पर खेला गया। इसके लेखक कौन थे? **एम. रामचन्द्र सिंह**

72. अफीम खाने की बुराइयों को चित्रण करने वाली पुस्तक, कनियार कीर्तन के लेखक का नाम बताएं? **हेमचन्द्र बरुआ**

73. 'राम नवमी नाटक' (विधवा विवाह का पैरोकार), 'तीनी गहिनी' (तीन पत्नियां) और 'अशिक्षित गहिनी' पुस्तकों के रचनाकार का नाम बताइए? **गुणाभिराम बरुआ**

74. जात्रा (खुलीहवा में रंगमंच प्रस्तुतीकरण) करने वाली जन जाति का किस प्रदेश में निवास है? **मिजोरम**

75. आसाम में अंकिया नट एकांकी नाटकों के सूत्रधार का नाम बताएं? **शंकर देव**

76. कालिया दमन, रुकमनि हरण, पारिजात हरण, पत्नी प्रसाद नामक पुस्तकों के लेखक का नाम बताएँ? **शंकर देव**

77. असम में संगीत आराधना किस शताब्दी से आरंभ मानी जाती है? **सातवीं शताब्दी**

78. सचिन देव बर्मन किस प्रदेश से सम्बन्ध रखते हैं? **त्रिपुरा**

79. किस प्रदेश में स्पेनिश गिटार तथा दरबू नाम के वाद्य यंत्र प्रयोग किए जाते हैं? **मिजोरम**

80. असम में प्रयोग होने वाले वाद्य यंत्र खोल का आविष्कारक कौन था? **शंकर देव**

81. राग तोड़ी व ललित दिन के किस प्रहर के राग हैं। **प्रातःकालीन**

82. वृन्दावनी सारंग दिन के किस प्रहर में गाये या बजाये जाने वाला राग है। **दोपहर**

83. संध्या-कालीन गाये-बजाये जाने वाले कुछ राग है... **पुरिया धनाश्री, मारवा, मधुवंती**

84. राग यमन किस बेला में गाया-बजाया जाता हैं? **रात्रिकालीन**

85. राग केदार व बिहाग किस प्रहर में गाये-बजाये जाते हैं? **रात्रिकालीन**

86. मध्य रात्रि में गाये-बजाये जाने वाले राग कौन से हैं ? **मालकोस, कान्हड़ा**

87. वर्षा ऋतु के दौरान गाये जाने वाले राग का नाम है ? **मल्हार**

88. वसंत ऋतु में गाये-बजाये जाने वाले राग का नाम है? **वसंत-बहार**

89. भारतीय संगीत मे कितने प्रकार के वाद्‌ययंत्र होते हैं? **चार**

90. भारतीय संगीत मे चार प्रकार के वाद्‌ययंत्रो को बतायें? **तार वाद्‌य,सुषिर वाद्‌य, अवनाद व घन वाद्‌य**

91. सितार किस प्रकार का वाद्‌य यन्त्र है? **तार वाद्‌य**

92. तबला किस प्रकार का वाद्‌य यन्त्र है? **अवनाद**

93. शहनाई किस प्रकार का वाद्‌य यन्त्र है? **सुषिर**

94. मृदंगम किस प्रकार का वाद्‌य यन्त्र है? **अवनाद**

95. जलतरंग या काष्ठतरंग किस प्रकार के वाद्‌य यन्त्र है? **घन**

96. सरोद किस प्रकार का वाद्‌य यन्त्र है? **तार वाद्‌य**

97. मजीरा किस प्रकार का वाद्‌य यन्त्र है? **घन**

98. भारतीय आचार्यो ने संगीत को कौन सी संज्ञा दी है? **पंचम वेद या गन्धर्व वेद**

99. संगीत का सप्तक महोत्सव किस शहर में होता है? **चेन्नई**

100. भारतीय संगीत में ध्रुपद क्या है? **एक प्राचीन गायन-शैली (पुरूषों द्वारा)**